# यूपीईएस में बनेगा सेंटर आफ एक्सीलेंस

**जा., नई दिल्ली:** देहरादून स्थित यूपीईएस स्कूल ने यूके स्थित विधि विश्वविद्यालय (द यूनिवर्सिटी आफ ला) के साथ शिक्षा और शोध में नवाचार के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत यूपीईएस में एक सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस साझेदारी का मुख्य आधार शोध होगा, जिसमें विशेष ध्यान एआइ और नैतिकता पर रहेगा। छात्रों के लिए इंटरनेशनल मोबिलिटी प्रोग्राम्स भी शुरू किए जाएंगे, जिनमें एक मजबूत पाठ्यक्रम होगा जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें विभिन्न देशों में रोजगार ढूंढने में ज्यादा मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह एमओयू एक तरह से विद्यार्थियों के लिए नई राह खोलेगा और उनका बेहतर भविष्य तय करेगा।




एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद विधि विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. पीटर क्रिस्प (बाएं) और यूपीईएस स्कूल आफ ला के डीन डा. अभिषेक सिन्हा (दाएं) ● सौजन्य-यूपीईएस

विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीटर क्रिस्प ने कहा कि इससे हमारे विश्वविद्यालय की 148 साल पुरानी विधिक श्रेष्ठता की परंपरा भारत में भी विस्तारित होगी।

यूपीईएस स्कूल आफ ला के डीन और हेड (इंटरनेशनलिटी) डा. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग हमारे भविष्य के विश्वविद्यालय के विजन का हिस्सा है।